अधिगम के तरीके सुधारने के लिए अंतराष्ट्रीय विशेषज्ञों से सीखना बहुत जरूरी है: बिनोद कुमार कन्नौजिया

सवेरा न्यूज/ जगजीत डोगरा

जालंधर, 18 अगस्त-: डॉ. बी. आर. अंबेडकर नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) जालंधर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ''डायनामिकली लोडेड पाइल्स - फ्रॉम फेल्योर मेकैनिज्म्स टू डिजाइन'' विषय पर पाँच दिन के लिए ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ अकादमिक नेटवर्क्स (जीआईएएन) कोर्स का आयोजन 18 से 22 अगस्त तक ऑफलाइन मोड में किया जा रहा है।

इस कोर्स का शुभारंभ यूनिवर्सिटी ऑफ कैमब्रिज (यूके) के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर, प्रो. एस. पी. गोपाल मधभूषि की उपस्थति में हुआ, जो इस कार्यक्रम के विदेशी विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किए गए हैं। उद्घाटन समारोह में एनआईटी जालंधर के निदेशक प्रो. बिनोद कुमार कन्नौजिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विभिन्न विभागों के डीन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट, स्टूडेंट वेलफेयर, रिसर्च एंड कंसल्टेंसी, फैकल्टी वेलफेयर, और इंटरनेशनल अफेयर्स के डीन, संस्थान के रजिस्ट्रार प्रो. अजय बंसल, सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट हेड व कोर्स कोऑर्डिनेटर प्रो. ए. के. अग्निहोत्री, तथा कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. के. सेंथिल भी शामिल रहे।

इस कार्यक्रम में देशभर के प्रसिद्ध कॉलेजों और स्कूलों के शिक्षकों, शोधकर्ताओं, और उद्योगों से जुड़े विशेषज्ञों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्थान के निदेशक प्रो. बिनोद कुमार कन्नौजिया ने संस्थान के भविष्य के विकास की दिशा साझा करते हुए यह बताया कि शिक्षण और अधिगम के तरीके सुधारने के लिए अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों से सीखना बहुत जरूरी है।